ISGEC HEAVY ENGINEERING LTD.
A-4, Sector-24,
Noida - 201 301 (U.P.) India
(GST No.: 09AAACT5540K2Z4)
Tel.: +91-120-4085000 / 01 / 02
Fax: +91-120-2412250
E-mail: corpcomm@isgec.com
www.isgec.com

Date: **July 31, 2024**

HO-425-S

To
BSE Limited
Floor 25,
P J Towers, Dalal Street,
Mumbai – 400 001

**Company Scrip Code: 533033**

To
National Stock Exchange of India Limited
Exchange Plaza, C-1, Block G,
Bandra Kurla Complex, Bandra (E)
Mumbai – 400 051

**Company Symbol: ISGEC**

Dear Sir(s)/Madam(s),

**Furnishing of Information in terms of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Discloser Requirements) Regulations, 2015 ("Listing Regulations")**

Subject: **Copy of Newspapers Publications/Advertisements regarding the 91st Annual General Meeting (AGM) to be held through Video Conferencing (VC) Facility or Other Audio Visual Means (OAVM)**

1. Pursuant to Regulation 47 and any other applicable regulation(s) of the Listing Regulations, please find enclosed herewith copy of Newspapers advertisements/publications with respect to the captioned subject matter, in the following newspapers:

| S. No. | Name of Newspapers | Languages | Date of Publication/ Advertisement |
|---|---|---|---|
| 1. | Business Line | English Daily Newspaper | July 31, 2024 |
| 2. | Hari Bhoomi | Hindi Daily Newspaper | July 31, 2024 |

2. This intimation is being uploaded on the website of the Company at www.isgec.com.

3. The above is for your kind reference, information and record please.

Thanking you,

Yours truly,
**For Isgec Heavy Engineering Limited**
SACHIN SALUJA — Digitally signed by SACHIN SALUJA Date: 2024.07.31 17:40:12 +05'30'
**Sachin Saluja**
**Company Secretary & Compliance Officer**
**Membership No. A24269**
**Address: A-4, Sector-24, Noida-201301,**
**Uttar Pradesh**

**For Isgec Heavy Engineering Limited**
**Sachin Saluja**
**Company Secretary & Compliance Officer**
**Membership No. A24269**
**Address: A-4, Sector-24, Noida-201301,**
**Uttar Pradesh**

Encl.: **As above**

## खबर संक्षेप



रेवाड़ी। भैरूबाबा मंदिर में रखा शिवलिंग।

### प्लाट में खुदाई के दौरान निकला शिवलिंग

**रेवाड़ी।** सावन मास के महीने ने मोहल्ला कायस्थवाड़ा स्थित एक प्लाट की खुदाई के दौरान शिवलिंग निकला है। शिवलिंग निकलने पर भक्तों में दर्शन करने को लेकर काफी उत्साह बना हुआ है। खुदाई में निकले शिवलिंग को पास के भैरूबाबा मंदिर में रखवाया गया है, जहां दर्शन के लिए काफी लोग आ रहे है। शिवलिंग नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष स्व. रामसिंह यादव के घर के पास प्लाट की खुदाई में निकला है। सावन माह में शिवलिंग के निकलने से लोगों में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा है।

### रेडलाइट क्रॉस कर ट्रक ने युवक को कुचला, मौत

**गुरुग्राम।** सेक्टर-56 थाना एरिया में तेज रफ्तार ट्रक ने रेड लाइट क्रॉस कर स्कूटी सवार बॉर एक्सीक्यूटिव को कुचल दिया। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। नेपाल मूल के रमेश सिंह ने कहा कि उसका भतीजा 24 वर्षीय सुरेश सिंह गुरुग्राम के सेक्टर-66 स्थित एक क्लब में बॉर एक्सीक्यूटिव था। रात को वह अपनी ड्यूटी करने के बाद स्कूटी से नाथूपुर की ओर आ रहा था। गोल्फ कोर्स रोड पहुंचने पर वाटिका चौक की ओर से एक तेज रफ्तार ट्रक ने रेड लाइट क्रॉस की और स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे में सुरेश सिंह साउद की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं चालक ट्रक लेकर फरार हो गया।

### सितम्बर परीक्षा के लिए 31 जुलाई से करें आवेदन

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. वी.पी.यादव ने बताया कि सैकेण्डरी व सीनियर सैकेण्डरी (शैक्षिक)/ गुरूकुल विद्यापीठ परीक्षा सितम्बर-2024 (कम्पार्टमैंट/ आशिंक अंक सुधार/पूर्ण विषय अंक सुधार व अतिरिक्त विषय) के लिए परीक्षार्थी 31 जुलाई, 2024 से बोर्ड की अधिकारिक वेबसाइट पर दिए गए लिंक से आवेदन कर सकते हैं। 100 रूपये विलम्ब शुल्क के साथ पंजीकरण तिथि 9 अगस्त से 12 अगस्त, 2024 रहेगी।

# झज्जर के गांव गौरिया और अंबाला के धीन में मना जश्न

## जमकर उड़ा गुलाल, बांटी मिठाइयां, माहौल में गूंजा मनु-सरबजोत का नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

पेरिस ओलंपिक में एक बार फिर अपना दम दिखाते हुए गांव गौरिया की होनहार बेटी मनु भाकर ने दस मीटर एयर पिस्टल मिश्रित प्रतिस्पर्धा में साथी खिलाड़ी सरबजोत के साथ दूसरा कांस्य पदक जीतकर देश की झोली में डाला है। इस कारण पूरे गांव और आसपास के क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

अपनी बेटी के मुकाबले को लेकर परिजन और ग्रामीण सुबह से ही उतावले दिखाई दिए और जैसे ही मनु ने पदक जीता, परिजन खुशी से झूम उठे। वहीं मनु भाकर की दादी दयाकौर अपने आप को रोक नहीं पाई और खुशी से उछल पड़ी। ग्रामीणों और परिजनों ने खूब गुलाल उड़ाया और मनु के स्कूल के विद्यार्थी मनु-मनु कह कर नाचने लगे। दिनभर गांव में खुशी का माहौल बना रहा और परिजनों ने मिठाइयां बांटी।



### जीत से उत्साहित परिजन हुए भावुक

मनु भाकर के अंकल बलजीत सिंह ने कहा कि हमारी बेटी ने पूरे गांव का नाम रोशन किया है। जिसको लेकर पूरे गांव और देश में खुशी का माहौल है। उन्होंने कहा कि इतनी खुशी हो रही है कि बोल भी नहीं पा रहा हूं, आंखों से आंसू निकल आए हैं। उन्होंने कहा कि कभी होली पर भी रंग नहीं लगवाता हूं। पहली बार बेटी की जीत की खुशी पर रंग लगवाया है। आज बहुत खुशी का दिन है। वहीं आंटी निर्मला देवी ने कहा कि हमारी बेटी ने लगातार दो पदक जीते है, उम्मीद है कि तीसरा पदक भी जीतेगी। अबकी बार गोल्ड मेडल जीतकर देश का नाम रोशन करेंगी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलाना

अंबाला के गांव धीन के रहने वाले सरबजोत सिंह की इस कामयाबी पर लोगों ने खूब जश्न मनाया। गांव के साथ सरबजोत सिंह की अकादमी में भी युवाओं ने मिठाई बांटकर जमकर जश्न मनाया। शूटर सरबजोत सिंह पिछले काफी समय से अंबाला छावनी के फिनिक्स क्लब स्थित शूटिंग रेंज में प्रेक्टिस कर रहे हैं। यहां चल रही अकादमी में युवा शूटरों ने सरबजोत की जीत पर जमकर जश्न मनाया। लड्डू बांटकर एक दूसरे को बधाई दी और कहा कि यह उनके लिए बेहद ही फख्र की बात कही है। सरबजोत के कोच गौरव सैनी ने बताया कि जब से सरबजोत अंबाला में शूटिंग की तैयारी के लिए आया है तभी से इसकी लगन देखकर लग रहा था कि वह देश का नाम रोशन करेगा। देश आने पर सरबजोत सिंह का शानदार स्वागत किया जाएगा।



### न मां ने मैच देखा और न ही पिता ने

मंगलवार को जब बेटे सरबजोत सिंह का मैच था तो पिता के साथ मां ने भी उसे लाइव नहीं देखा। दोनों के दिल की धड़कन तेजी से चल रही थी। पिता जतिंदर सिंह ने बताया कि उन्होंने सरबजोत का मैच नहीं देखा। पिता ने बताया कि सरबजोत ने मैच के बाद अपनी मां को फोन किया था लेकिन उसने बेटे को कहा कि बाद में फोन करना, वह अभी व्यस्त है। अंबाला आने पर सरबजोत का भव्य स्वागत किया जाएगा। सबसे पहले पंजोखरा साहिब में माथा टेक कर ही गांव में उसे लाया जाएगा। मां हरदीप कौर ने बताया कि पूरे गांव में बेटे की जीत का जश्न मनाया जा रहा है। मिठाई बांटी जा रही है।

## कैथल जिले के सीवन कस्बे में एक साथ जली दो चिताएं

# तिरंगा कांवड़ लाते समय करंट लगने से दो युवकों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीवन

हरिद्वार से कांवड़ लाते समय सहारनपुर के सरसावा क्षेत्र में हुए करंट लगने से सीवन कस्बा के दो युवकों की हुई मौत के बाद मंगलवार को कस्बे में माहौल गमगीन रहा। एक साथ दो युवाओं की मौत की सूचना के बाद पूरे कस्बे में शोक की लहर दौड़ गई। गौरतलब है कि इस बार भी सीवन के युवा 351 फीट की तिरंगा कांवड़ लेने के लिए पहुंचे थे।

- साथी कांवड़ियों ने कहा, कांवड़ हो गई खंडित

पिछले बार युवाओं की ओर से करीब 165 फीट की तिरंगा कांवड़ लाई गई थी। इस बार भी तिरंगा कांवड़ लाने को लेकर युवाओं में धर्म की भक्ति के साथ देशभक्ति का उत्साह था, लेकिन इन दोनों युवा कांवड़ियों की मौत से खुशियां अचानक मातम में बदल गई। जानकारी अनुसार 22 वर्षीय मृतक कुलदीप सैनी व 18 वर्षीय लखन खुशी-खुशी तिरंगा कांवड़ लाने वाले युवाओं के दल के शामिल होने के लिए परिवार से अनुमति लेने के बाद ही हरिद्वार के लिए रवाना हुए थे, लेकिन यह किसी को मालूम न था कि उनके परिवार की यह अनुमति उनके बच्चों की मौत का बुलावा लेकर आएगी। दोनों ही युवकों के घर पर इस दुख की घड़ी में ढांढस बांधने वालों का पूरा दिन तांता लगा रहा। तिरंगा कांवड़ लाने वाले युवाओं का कहना है कि अब यह कांवड़ भी नहीं चढ़ाई जाएगी। क्योंकि उनके दल में शामिल दो कांवड़ियों की मौत के बाद यह कांवड़ पूरी तरह से खंडित हो चुकी है। ऐसे में इस कांवड़ को मौके ही छोड़कर वापस अपने नगर सीवन में पहुंच चुके हैं।



सीवन। मृतक कुलदीप और लखन के फाइल फोटो।

### तबियत बिगड़ने पर तोड़ा दम

**बावल।** दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे से कांवड़ लेकर अपने गांव की ओर कूच कर रहे एक कांवड़िए की तबियत बिगड़ने के बाद अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। महेंद्रगढ़ जिले के गांव गगूताना निवासी 30 वर्षीय झब्बूसिंह हरिद्वार से कांवड़ उठाकर पैदल अपने गांव के लिए चला था। मंगलवार को जब वह बावल के निकट पहुंचा तो तेज बुखार के कारण उसकी तबियत बिगड़ गई। कांवड़ सेवा शिविर में मौजूद लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। ट्रॉमा सेंटर में उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

### कुलदीप था सबसे छोटा

कुलदीप के परिजनों ने बताया कि कुलदीप की मौत ने उनके परिवार झकझोर कर दिया है। बताया कि कुलदीप की तीन बहनें हैं और वे दो भाई हैं। कुलदीप अपने भाई-बहनों में सबसे छोटा था। बताया कि उसने अपनी बेटियों व कुलदीप की बहनों की पहले ही शादी कर दी थी। जबकि कुलदीप अविवाहित है। वह इस समय बीए की पढ़ाई कर रहा था और पढ़ाई के साथ शैटरिंग का काम कर अपना खर्च स्वयं चलाता था। वह तो खेतीबाड़ी करते हैं। उससे परिवार का अधिक गुजारा नहीं हो पाता है। हादसे में उसने अपने एक बेटे के रूप में एक हाथ को खो दिया है।

### फर्नीचर का काम करता था लखन

लखन के परिजनों ने बताया कि उसके पास तीन बच्चे हैं। लखन भाई-बहनों में मंझला था। उसकी बड़ी बहन की शादी हो चुकी है। जबकि छोटा भाई पढ़ाई करता है। वह तो मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण कर रहे हैं। बताया कि बेटा लखन फर्नीचर का काम सीख रहा था। इस काम के जरिए ही वह अपना और परिवार का भी खर्चा चला रहा था। इस हादसे ने उसका सब कुछ छीन लिया है।

# नाबालिग से दुष्कर्म व बेचने के मामले में नौ को उम्रकैद

- आरोपियों पर दो लाख 40 हजार रुपये का जुर्माना भी किया



**भिवानी।** अदालत ने नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने देह व्यापार में धकेलने व उसे अलग-अलग जगह पर बेचने के मामले में आरोपीयों को अदालत ने उम्र कैद की सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने आरोपियों पर दो लाख 40 हजार रुपये का जुर्माना किया है। जुर्माना अदा न करने की सूरत में आरोपियों को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार महिला पुलिस भिवानी ने वर्ष 2022 में अभियोग पंजीबद्ध किया था। मामले के अनुसार वर्ष 2022 में पीड़ित लड़की ने महिला थाना पुलिस को एक शिकायत दर्ज करवाई थी जिसमें शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि उसके माता-पिता का स्वर्गवास हो चुका है वहीं उनके पड़ोस में रहने वाली महिला रीना दिल्ली निवासी ने पहले उससे घरों में काम करने का काम करवाया। इसके बाद रीना ने अलग-अलग व्यक्तियों को उसे बेचा था। न्यायालय ने आरोपी नवीन पुत्र रामपाल निवासी ओबरा थाना बहल जिला भिवानी, मनजीत पुत्र धर्मपाल निवासी पुंडरी जिला कैथल व अंकित पुत्र नरेश निवासी खरखोदा सोनीपत को 6 पोस्को एक्ट में उम्र कैद की सजा व प्रत्येक पर 50,000 का जुर्माना लगाया है। वहीं आरोपियों को धारा 370, 34 आईपीसी में उम्रकैद की सजा वह प्रत्येक आरोपी पर 10,000 का जुर्माना लगाया है। आरोपी रोहतास पुत्र रतन सिंह निवासी सफीदों जिला जींद, शमशेर पुत्र रणधीर निवासी सफीदों जिला जींद, सूर्यमणि पुत्र राम किशन निवासी असंध करनाल, अभिलाषा पुत्री राजेश निवासी गाजियाबाद, रीना पत्नी विक्की निवासी बुराड़ी दिल्ली व विक्की पुत्र जगदीश निवासी नांगलोई दिल्ली को धारा 370, 34 आईपीसी में उम्र कैद की सजा वह प्रत्येक आरोपी पर 10,000 का जुर्माना लगाया गया है।


## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **लकी पुत्रः** अज्ञात **पताः** गांव नंगल शालो, जिला महेंद्रगढ़, हरियाणा, ने **Case FIR No. 32/2021, U/s 186/353/307/34 IPC थानाः जाफरपुर कलां नई दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **लकी,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **लकी,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **Case FIR No. 32/2021, U/s 186/353/307/34 IPC थानाः जाफरपुर कलां नई दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **लकी,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **12.09.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री गुरमोहिना कौर एएसजे
द्वारका कोर्ट नई दिल्ली

DP/9893/DW/2024
(Court Matter)


## दोबारा खेल पाऊंगी या नहीं, कह नहीं सकती : साइना नेहवाल

**हिसार।** अंतरराष्ट्रीय बेडमिंटन खिलाड़ी और ओलम्पिक मेडलिस्ट साइना नेहवाल ने कहा कि वे आगे देश के लिए दोबारा खेल पाएंगी या नहीं ये कहा नहीं जा सकता। फिलहाल घुटनों में आर्थराइटिस की समस्या से जूझ रही हैं और उनका मानना है कि इस समस्या का ठीक हो पाना मुश्किल है। वे यहां पत्रकारों से बातचीत कर रही थीं। साइना ने कहा कि वे अभी खुद को समय दे रही हैं। एक खिलाड़ी के तौर पर उन्होंने 25 साल बेडमिंटन को दिए हैं और आगे के लिए फिलहाल उन्होंने तय नहीं किया है कि वे क्या करेंगी। नेहवाल ने कहा कि उनकी जिंदगी में काफी स्ट्रगल रहा है। बैंक लोन व रिश्तेदारों से उधार लेकर उनके पिता ने उन्हें इस खेल में आगे बढने के लिए प्रोत्साहित किया। पेरिस ओलंपिक में भारतीय खिलाड़ियों के अधिक से अधिक मेडल लेकर आने की उन्होंने कामना की और खेल के लिए हरियाणा सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों को भी उन्होंने सराहा। क्रिकेट को अधिक प्यार मिलने के सवाल पर उन्होंने कहा कि क्रिकेट के जैसे दूसरे खेलों को भी एसोसिएशन के द्वारा स्पोर्ट किया जाना चाहिए ताकि खिलाड़ी अन्य खेलों को भी प्रोफेशनल स्पोर्ट के तौर पर चुन सकें। भारत को बेडमिंटन में पहला ओलम्पिक पदक दिलवाने वाली और कई बार विश्व की नंबर वन बेडमिंटन खिलाड़ी रह चुकी हिसार की बेटी मंगलवार को 25 साल के बाद हिसार आई। इंडरनेशनल बेटमिंटन चैम्पियन साइना नेहवाल यहां पर ह्यूंडई मोटर्स इंडिया लिमिटेड की सीएसआर इकाई ह्यूंडई मोटर्स इंडिया फाउंडेशन द्वारा में शुरू किए गए अत्याधुनिक स्पोर्ट्स लैब फिटनेस सेंटर का उद्घाटन करने के लिए पहुंची। साइना नेहवाल सोमवार को ही हिसार आ गई थी और उन्होंने हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय का दौरा किया व मंगलवार को स्पोर्ट्स लैब का उद्घाटन किया। ये सेंटर ह्यूंडई फाउंडेशन के महत्वाकांक्षी स्पोर्ट्स लैब प्रोजेक्ट की विस्तार योजना का हिस्सा है। स्पोर्ट्स लैब के तहत फाउंडेशन ने रूट्स फाउंडेशन के साथ मिलकर हिसार के पांच गांवों को भी गोद लिया हुआ है, जहां बच्चों को विभिन्न खेलों में अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने के लिए तैयार किया जाता है। बता दें कि साइना का जन्म हिसार में ही हुआ था।

- 25 साल बाद हिसार की बेटी साइना नेहवाल पहुंची शहर




**हिसार।** अत्याधुनिक स्पोर्ट्स लैब फिटनेस सेंटर के उद्घाटन अवसर पर उपस्थित साइना नेहवाल व अन्य।

## अरविंद केजरीवाल का देश की राजधानी का सीएम होना हरियाणा के लिए गर्व की बात : अनमोल मान

**गुहला/कैथल।** पंजाब के कैबिनेट मंत्री और आम आदमी पार्टी नेता अनमोल गगन मान ने मंगलवार को बदलाव जनसभा कर हरियाणा के लाल अरविंद केजरीवाल के लिए जनसमर्थन मांगा। कैबिनेट मंत्री अनमोल गगन मान ने कहा कि हरियाणा और पंजाब का भाइयों वाला रिश्ता है। पहले हम एक थे और आज भी एक हैं। अरविंद केजरीवाल हरियाणा में पैदा हुए। ये हरियाणा के लिए गर्व की बात है कि एक सामान्य से घर में पैदा हुए अरविंद केजरीवाल तीन बार देश की राजधानी दिल्ली के मुख्यमंत्री बने। उनके साथ प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता, वरिष्ठ प्रदेश अध्यक्ष अनुराग ढांडा, प्रदेश उपाध्यक्ष बलबीर सैनी, पूर्व मंत्री नरेंद्र शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. अनिल रंगा, प्रदेश उपाध्यक्ष शिक्षा विंग सतबीर गोयत, जिला अध्यक्ष गज्जन सिंह, राकेश खानपुर, देवराज कल्लरमाजरा आदि मौजूद रहे।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अक्षय, पुत्रः हरी ओम, पताः मकान संख्या 229, वार्ड संख्या कानूगो मोहल्ला, सिलानी गेट, झज्जर, हरियाणा** ने **FIR No. 48/2024, U/s 336/387/120B/34 IPC & 25/27 Arms Act, पुलिस थाना बुध विहार, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अक्षय** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अक्षय** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 48/2024, U/s 336/387/120B/34 IPC & 25/27 Arms Act, पुलिस थाना बुध विहार, दिल्ली** के अभियुक्त **अक्षय** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **15.10.2024** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री दिव्या अरोड़ा
मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (उत्तर–पश्चिम)–04
कमरा नं. 112, प्रथम तल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/9910/RD/2024

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr. P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **(1) सन्नी, पुत्रः जोगिंदर, पताः वीपीओ– रिटौली, जिला रोहतक, हरियाणा (2) अंकित पुत्रः वेद पाल, पताः गांव – आसन, जिला रोहतक, हरियाणा (3) सूरज पुत्रः रवि कुमार पताः गांव – खंडेवाला थानाः फारूख नगर जिला गुरूग्राम हरियाणा, (4) जोगिंदर पुत्र सतपाल पताः गांव – कन्होरी, पो– कन्नौरा, जिला रेवाडी, हरियाणा, FIR No: 43/2024, U/s: 387/120B/34 IPC & 27 Arms Act, पुलिस थानाः जेपी कलां जिला द्वारका, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि अन्होने किया है), और उन पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) सन्नी (2) अंकित (3) सूरज (4) जोगिंदर,** मिल नहीं रहे है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) सन्नी (2) अंकित (3) सूरज (4) जोगिंदर,** फरार हो गये है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **(1) सन्नी (2) अंकित (3) सूरज (4) जोगिंदर,** केस **FIR No: 43/2024, U/s: 387/120B/34 IPC & 27 Arms Act, पुलिस थानाः जेपी कलां जिला द्वारका, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **11.09.2024** को या उससे पहले हाज़िर हो।

अभिनव अहलावत
महानगर दण्डाधिकारी –09
कमरा नंबर 314 तीसरी मंजिल
द्वारका जिला (द.प).
सेक्टर–10 द्वारका नई दिल्ली

DP/9638/DW/2024
(Court Matter)


## सीएमओ और पीएमओ को मिली पदोन्नति

# स्वास्थ्य विभाग की कमान पूनिया के हाथों में

- एक माह तक रहेंगे विभाग के प्रमुख, उसके बाद में डॉ. मनीष बंसल बनेंगे डीजी हेल्थ

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा स्वास्थ्य विभाग की कमान अब जेएस पूनिया के हाथों में होगी लेकिन एक माह के लिए वे डीजी बने हैं। इनके बाद में डा. मनीष बंसल के हाथों में कमान आएगी। बतौर डीजी हेल्थ कमान अब द्वितीय (जूनियर) पूनिया के हाथों में होगी। इसके अलावा डाक्टर मनीष बंसल डीजी हेल्थ ( द्वितीय) होंगे । दोनों ही अधिकारी एक अगस्त को कार्यभार संभाल लेंगे। फिलहाल वर्तमान डीजी हेल्थ रणदीप सिंह पूनिया के हाथों में विभाग की कमान रही थी लेकिन वे बुधवार को सेवानिवृत्त हो जाएंगे। द्वितीय डीजी हेल्थ मनीष बंसल एक अगस्त को कार्यभार संभाल लेंगे। उनकी नियुक्ति संबंधी पत्र मंगलवार को अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल के आफिस से जारी किया गया है। मनीष बंसल अभी तक दूसरे स्थान पर कमान संभाल रहे जेएस पूनिया के स्थान पर कमान संभालेंगे। मनीष बंसल की नियुक्ति संबंधी पत्र में बताया गया है कि वे 67 हजार पे स्केल प्राप्त करेंगे और तीन फीसदी हर साल इंक्रीमेंट प्राप्त करेंगे।



**चंडीगढ़।** स्वास्थ्य महानिदेशक रणदीप पूनिया की विदाई और उनके स्थान पर कार्यभार ग्रहण करते डॉक्टर जेएस पूनिया। *फोटो : हरिभूमि*

### नौ अधिकारी बने निदेशक

प्रदेश के विभिन्न जिलों में तैनात सीएमओ और पीएमओ को पदोन्नति का तोहफा मिल गया है। इसमें नूंह से डा. राजीव बातिश सीएमओ, डा. जितेंद्र सिंह सीएमओ कुरुक्षेत्र, डाक्टर कृष्ण कुमार सीएमओ करनाल, डा. अनिल कुमार रोहतक, डा. सिम्मी वर्मा डीजी एनएचएम, डा. रतना भारती पीएमओ हिसार और डा. ब्रह्मदीप सीएमओ झज्जर, वीरेंद्र यादव सीएमओ गुरुग्राम को भी पदोन्नति मिल गई है। इसमें दो पीएमओ और छह सीएमओ को पदोन्नति का तोहफा नायब सैनी सरकार ने दिया है। इसमें एक वैसे, पहले से ही डीजी हेल्थ आफिस में बतौर डिप्टी डायरेक्टर काम कर रहीं थी। सभी डायरेक्टर पद पर पदोन्नत हो गए हैं।


## ISGEC इस्जेक हैवी इंजीनियरिंग लिमिटेड

CIN: L23423HR1933PLC000097
पंजीकृत कार्यालय : रादौर रोड, यमुनानगर–135001, हरियाणा
Telephone: +91-1732-661061 / 661158
Email: roynr@isgec.com, Website: www.isgec.com

### वीडियो कांफ्रेंसिंग (वीसी) सुविधा अथवा अन्य ऑडियो विजुअल साधनों (ओएवीएम) के माध्यम से आयोजित की जानी 91वीं वार्षिक सामान्य बैठक

1. सरकुलर नम्बर 14/2020, 17/2020, 20/2020, 02/2021, 21/2021, 10/2022 और 09/2023 दिनांक 08 अप्रैल 2020, 13 अप्रैल 2020, 5 मई 2020, 13 जनवरी 2021, 14 दिसंबर 2021, 28 दिसंबर, 2022 और 25 सितम्बर 2023 क्रमशः और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा जारी सरकुलर्स के अनुपालन में बिजनेस जो एजीएम की सूचना में विनिर्दिष्ट किया जाएगा, का निष्पादन करने के लिये इस्जेक हैवी इंजीनियरिंग लिमिटेड (दि कंपनी) की 91वीं वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) या अन्य ऑडियो विजुअल साधनों (ओएवीएम) के माध्यम से बुधवार, 28 अगस्त, 2024 को पूर्वा. 11:30 बजे (आईएसटी) आयोजित की जाएगी।
2. एजीएम की सूचना और वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए वार्षिक रिपोर्ट इलेक्ट्रॉनिक मोड में उन सभी शेयरधारकों को भेजी जाएगी, जिनके ईमेल पते कंपनी के रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट अर्थात अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड (आरटीए), या उनके संबंधित डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स के पास पंजीकृत हैं।
3. एजीएम की सूचना और वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए वार्षिक रिपोर्ट कंपनी की वेबसाइट (www.isgec.com), स्टॉक एक्सचेंजेज वेबसाइट (www.bseindia.com और www.nseindia.com) और एनएसडीएल की वेबसाइट (www.evoting.nsdl.com) पर भी उपलब्ध कराई जाएगी।
4. शेयरधारक केवल वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से एजीएम में शामिल हो सकते हैं और भाग ले सकते हैं। वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से भाग लेने वाले सदस्यों को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 103 के तहत कोरम की गणना के उद्देश्य से गिना जाएगा। एजीएम में शामिल होने की प्रक्रिया एजीएम की सूचना में प्रदान की जाएगी।
5. शेयरधारकों को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग प्रणाली के माध्यम से एजीएम की सूचना में निर्धारित बिजनेस पर एजीएम में और दूरस्थ रूप से अपना मतदान करने के लिए एक अवसर मिलेगा। शेयरधारकों द्वारा इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग के लिए प्रक्रिया एजीएम की सूचना में प्रदान की जाएगी।
6. डिमैटेरियलाइज्ड मोड में शेयर धारण करने वाले शेयरधारकों से आग्रह है कि वे अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स के माध्यम से अपने ई-मेल पते, मोबाइल नंबर और बैंक अधिकार-पत्र को अपने संबंधित डिपॉजिटरी के पास पंजीकृत/अपडेट करें।
7. भौतिक रूप में शेयर धारण करने वाले शेयरधारक, जिन्होंने कंपनी या आरटीए के पास अपना ई-मेल पता पंजीकृत नहीं किया है, वे rta@alankit.com अथवा ramap@alankit.com पर निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ एक आग्रह भेजकर एजीएम की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट प्राप्त करने के लिए अपना ई-मेल पता पंजीकृत कर सकते हैं :-
   (ए) अपना नाम, फोलियो नंबर, ई-मेल पते, मोबाइल नंबर, पूरा पता उल्लेखित करते हुए हस्ताक्षरित आग्रह पत्र ;
   (बी) पैन कार्ड की स्व-सत्यापित स्कैन की हुई प्रति; और
   (सी) कंपनी के पास पंजीकृत सदस्यों के पते के समर्थन में किसी भी दस्तावेज (जैसे आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, चुनाव पहचान पत्र, पासपोर्ट) की स्व-सत्यापित स्कैन की गई प्रति।
8. भौतिक मोड में शेयर धारण करने वाले शेयरधारक, जिन्होंने इलेक्ट्रॉनिक क्लियरिंग सर्विस (ईसीएस) या किन्हीं अन्य साधनों ("बैंक मैंडेट") के माध्यम से सीधे ही अपने बैंक खाता(ों) में लाभांश प्राप्त करने के लिए अपने अधिकार-पत्र को अद्यतन नहीं किया है, उन्हें अपने बैंक खाते के अंदर सीधे ही लाभांश प्राप्त करने के लिये अपने बैंक अधिकार-पत्र को, उपरोक्त पैरा 7 में वर्णित दस्तावेजों के अतिरिक्त, एक कैंसल्ड चैक सहित पूर्व-मुद्रित अकाउंट नम्बर जिसमें सदस्य अथवा प्रथम धारक का नाम rta@alankit.com पर अथवा ramap@alankit.com पर ई-मेल द्वारा भेजकर पंजीकृत करवाना चाहिए।
9. यह भौतिक रूप में शेयरधारण करने वाले शेयरधारकों को परामर्श दिया जाता है कि पैन, केवाईसी विवरण (अर्थात पिन कोड सहित डाक पता, ई-मेल पता, मोबाइल नम्बर, बैंक खाता विवरण) और नामांकन विवरणों को अद्यतन करवाएं।
10. 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए लाभांश, यदि एजीएम में अनुमोदित किया जाता है, हेतु सदस्यों की पात्रता सुनिश्चित करने के लिए रिकॉर्ड तिथि 21 अगस्त, 2024 है।

कृते इस्जेक हैवी इंजीनियरिंग लिमिटेड
हस्ता/-
(सचिन सलुजा)
कम्पनी सचिव
सदस्यता सं. ए24269

स्थान : यमुनानगर, हरियाणा
दिनांक : 30 जुलाई 2024